प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 15.06.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की यात्रा पर रवाना–पांच दिन की इस यात्रा से व्यापार, निवेश, सुरक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में संबंध मजबूत करने में सहायता मिलेगीं
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा के जे.के. लोन अस्पताल परिसर में **रामाश्रय भवन**' का शिलान्यास कियां
- जनजातीय समुदायों का व्यापक और समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आज से शिविरों का आयोजनं
- प्रदेश में प्रीमॉनसून की बारिश का दौर शुरू–कई स्थानों पर तेज अंधड से नुकसानं

........................................................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की यात्रा पर रवाना हुएं श्री मोदी पांच दिन की इस यात्रा के पहले चरण में साइप्रस पंहुचेंगें यात्रा पर रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे ऐतिहासिक संबंधों और व्यापार, निवेश, सुरक्षा, प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में संबंध मजबूत करने में सहायता मिलेगीं साइप्रस में श्री मोदी राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस से मुलाकात करेंगें दोनों नेताओं के बीच विभिन्न मुद्दों पर व्यापक विचार–विमर्श होने की सम्भावना हैं इसके बाद प्रधानमंत्री जी–सेवन शिखर बैठक में हिस्सा लेने के लिए **कनाडा जाएं**गें यह बैठक 16 और 17 जून को होगीं श्री मोदी यात्रा के अंतिम चरण में 18 जून को क्रोएशिया जायेंगें

........................................................

गुजरात में विमान दुर्घटना के पीड़ितों की पहचान के लिए डीएनए मिलान प्रक्रिया जारी हैं गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने कहा है कि कल रात 9 बजे तक 19 डीएनए नमूनों का मिलान किया जा चुका हैं फोरेंसिक टीमें रात भर डीएनए नमूनों का मिलान करने में लगी रहीं दुर्घटना में मारे गए गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का अंतिम संस्कार राजकोट में किया जाएगां अंतिम संस्कार की तारीख डीएनए परीक्षण के परिणाम के बाद तय की जाएगीं इस बीच आज तडके उत्तराखण्ड में देहरादून से केदारनाथ जा रहा एक हैलीकॉप्टर गोरीकुंड में दुर्घटनाग्रस्त हो गयां इसमें छह लोग सवार थें उत्तराखण्ड के अपर पुलिस महानिदेशक, डॉक्टर वी. मुरुगेशन ने बताया था कि यह हैलीकॉप्टर त्रिजुगीनारायण और गोरीकुंड के बीच लापता हो गया हैं

........................................................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कल कोटा के जे.के. लोन अस्पताल परिसर में रामाश्रय भवन' का शिलान्यास कियां ये भवन तीमारदारों की सुविधा के लिए साढे छः करोड़ रुपए की लागत से बनाया जायेगां इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि अस्पताल परिसर में रात्रि के समय खुले में सोते तीमारदारों को देखकर उनके मन में यह विचार उत्पन्न हुआ कि एक ऐसी सुविधा होनी चाहिए, जहां ये लोग सुरक्षित और सम्मानपूर्वक ठहर सकें श्री बिरला ने कहा कि हाड़ौती ही नहीं बल्कि दक्षिणी राजस्थान और मध्यप्रदेश के सीमावर्ती जिलों के लिए भी कोटा एक प्रमुख चिकित्सा केन्द्र के रूप में उभर रहा हैं जे.के. लोन, एमबीएस और न्यू मेडिकल कॉलेज में प्रतिदिन हजारों मरीज उपचार के लिए आते हैं कोटा में सभी जनप्रतिनिधियों के प्रयासों से चिकित्सा सुविधाओं में निरन्तर विस्तार हो रहा हैं

........................................................

जयपुर में आरयूएचएस अस्पताल में कल पहली बार एक रोगी की एंजियोप्लास्टी की गई इसके साथ ही, प्लास्टिक सर्जरी की सुविधा भी अस्पताल में शुरू कर दी गई हैं चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीष कुमार ने बताया कि 2 जून को ही आरयूएचएस अस्पताल में एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी की सुविधा शुरू की गई थी और दो रोगियों की एंजियोग्राफी की गई थीं शनिवार को आरयूएचएस अस्पताल में पहली एंजियोप्लास्टी की गई साथ ही, अस्पताल में अब दो रोगियों की प्लास्टिक सर्जरी भी सफलतापूर्वक की जा चुकी हैं चिकित्सा शिक्षा सचिव ने कहा कि सवाई मानसिंह अस्पताल से मरीज भार कम करने और प्रदेशवासियों को आधुनिक सुविधाओं से लैस विश्वस्तरीय चिकित्सा संस्थान उपलब्ध करवाने की सोच के साथ आरयूएचएस अस्पताल में लगातार चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा हैं एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी की सुविधा प्रारंभ

होने से अब आरयूएचएस में आने वाले हृदय रोगियों को सवाई मानसिंह अस्पताल जाने की आवश्यकता नहीं हैं

........................................................

प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आज से शिविरों का आयोजन किया जायेगां अभियान का उद्देश्य जनजातीय समुदायों के स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका सहित समग्र विकास के लिए प्रयास करना हैं 30 जून तक चलने वाले इन शिविरों के माध्यम से जनजातीय वर्ग के लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ दिलवाया जायेगां अभियान के तहत राज्य में विभिन्न जिलों में चयनित गांवों में आज से शिविर लगाये जा रहे हैं पाली जिला कलेक्टर एल एन मंत्री ने बताया कि पहला शिविर जिले के बाली में पीपला और कुंडाल गांव में आयोजित किया जायेगां उन्होंने ज्यादा से ज्यादा लोगों से इन शिविरों से जुडने का आग्रह किया हैं

........................................................

प्रदेश में प्रीमॉनसून की बारिश का दौर शुरू हो गया हैं बीते 24 घंटों में हनुमानगढ, श्रीगंगानगर, जोधपुर, भीलवाडा सहित कई शहरों में हल्की से मध्यम बरसात हुईं पाली के घाणेराव में ओले भी गिरें इससे तापमान में 1 से 3 डिग्री तक की गिरावट आई हैं हालांकि अंधड के साथ हुई बारिश से कई स्थानों पर पेड़, बिजली के पोल, होर्डिंग और टीनशेड गिर गयें इसके बाद बिजली आपूर्ति और आवागमन प्रभावित हुआं बारां से हमारे संवाददाता ने बताया कि कल दिनभर उमसभरी गर्मी के बाद शाम को आई आंधी और बारिश से जिले में कई जगह नुकसान पंहुचा हैं जिले के अंता उपखण्ड में बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गईं

........................................................

बांसवाडा के कुशलगढ क्षेत्र में भी बिजली गिरने से एक महिला की मृत्यु हो गईं हनुमानगढ़ में तेज आंधी से कई ट्रांसफार्मर धराशायी हो गएं वहीं अलग–अलग हादसों में तीन लोग घायल हो गएं इस बीच आज बालोतरा में रिमझिम बारिश हुईं वहीं बाडमेर, जैसलमेर में बादलों की आवाजाही जारी हैं ठण्डी हवाओं से लोगों को गर्मी से राहत मिल रही हैं बीते 24 घंटों में श्रीगंगानगर, चूरू और बीकानेर में अधिकतम तापमान 46 डिग्री मापा गयां मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य में आंधी बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना हैं 20 जून से बारिश में बढोतरी होने के आसार हैं

........................................................

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन भेजने के बहुप्रतीक्षित एक्सियोम–4 मिशन की नई तारीख 19 जून, 2025 निर्धारित की गई हैं इस मिशन में तकनीकी कमियों के कारण देरी हुई और इनका अब समाधान कर दिया गया हैं

........................................................